>

Title : Need to set up Akashvani Kendra in Sheohar district of Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): सभापति जी, मैं आपको धन्यवाद देती हूँ कि एक बहुत ज़रूरी विषय पर बोलने का मौका आपने मुझे दिया।

मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत शिवहर, सीतामढ़ी एवं मोतिहारी ज़िला एवं आस-पास के क्षेत्रों में पटना आकाशवाणी केन्द्र द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों का प्रसारण उचित फ्रीक्वैन्सी न होने एवं अधिक दूरी के कारण आम लोगों तक नहीं पहुँच पाता। [hcb11] इन जिले के क्षेत्र के लोगों ने बताया है कि पटना आकाशवाणी केन्द्र से प्रसारण तो होता है, किन्तु उसका लाभ आम लोगों तक नहीं पहुंच पाता है, क्योंकि पटना से उक्त जिलों के दूरी दो सौ किलोमीटर है। उससे तो अच्छा नेपाल रेडियो के कार्यक्रम अच्छे ढंग से सुने जाते हैं। आकाशवाणी पटना केन्द्र समुचित तकनीक की व्यवस्था नहीं रहने के कारण केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की आवश्यक सूचना के प्रसारण का लाभ इन जिलों के लोगों को नहीं मिल पाता है। इस संबंध में शिवहर के आसपास आकाशवाणी केन्द्र स्थापित किया जाए, जिससे यह प्रसारण कार्य समुचित ढंग से उक्त जिलों के लोगों तक पहुंच सके। सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत शिवहर, पूर्वी चम्पारण एवं सीतामढ़ी जिले के क्षेत्रों में अच्छे प्रसारण हेतु शिवहर जिले के आसपास किसी स्थान पर आकाशवाणी केन्द्र को तत्काल स्थापित किया जाए। धनयवाद।